बाढ़ नियन्त्रण आयोग,
G.F.C.C., Patna
परी सं०/Dy. No. 1364
दिनांक 8-11-17

अध्यक्ष/Chairman
गं.बा.नि/आ./GFCC, पटना
डा.सं.Dy. No. 665
दिनांक/Dt. 31/10/17

**BY SPEED – POST**

No. A.12018/44/2017-E.III Section/1056
Government of India
Ministry of Water Resources, River Development
& Ganga Rejuvenation
*****

Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg
New Delhi, Dated 24th October, 2017.

To
The Chairman,
Ganga Flood Control Commission,
3rd Floor, Sinchai Bhawan,
Patna – 800015.

**Subject: Amendment of Recruitment Rules for the post of Multi Tasking Staff in Ganga Flood Control Commission, a subordinate office under Ministry of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation – regarding.**

Sir,

In continuation with this ministry letter of even number dated 26.09.2017 on the subject cited above enclosed please find herewith a copy of published RRs for the post of Multi Tasking Staff, Ganga Flood Control Commission notified vide GSR number 319 dated 26.09.2017 in the weekly Gazette of India Part-II, Secion3, Sub-Section (i) dated 07.10.2017.

Yours faithfully,

Encl: As above.

(Anil Kumar Wahi)
Under Secretary to the Government of India
Tel No.- 23718165

Copy with enclosures to:

1. The Chief Librarian, Parliament House Library, New Delhi.
2. Lok Sabha Secretariat, Committee Branch, New Delhi.
3. Rajya Sabha Secretariat, Committee Branch, New Delhi
4. Department of Personnel & Training, Establishment RR Division, North Block, New Delhi
5. RRs Division, UPSC, Dholpur House, Shahjahan Road, New Delhi.
6. Ministry of Law & Justice (Legislative Branch), Shastri Bhawan, New Delhi.
7. Ministry of Law & Justice (Official Language Wing), Shastri Bhawan, New Delhi.
8. NIC Cell, MoWR, RD & GR, Shram Shakti Bhawan, New Delhi (with a request to upload the aforesaid Recruitment Rule on the website of the Ministry under column Recruitment Rules of this Ministry).

(Anil Kumar Wahi)
Under Secretary to the Government of India
Tel No.- 23718165

Director (Adm)
DD (Adm)
07.11.17
A.O.

जल
जल बचत - जल संचय

3. उक्त नियमों की अनुसूची में कॉलम स्तंभ (4) में, इससे संबंधित स्तंभ, शीर्ष और प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा,अर्थात्—

| वेतन मैट्रिक्स में स्तर |
|---|
| 4 |
| स्तर 1 (18000-56900 रु.) |

[फा. सं. 22/3/2010-स्था.]

निधि गर्ग, उप निदेशक (II)

**टिप्पण** – मूल नियम, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड 3, उप-खंड (i) में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 182 (अ) दिनांक 12.03.2014 द्वारा प्रकाशित किये गए थे।

**MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS**

(Directorate of Printing)

New Delhi, the 2nd August, 2017

**G.S.R. 318.**—In exercise of the powers conferred by the provisio to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Ministry of Urban Development, Directorate of Printing (Multi Tasking Staff) Rules, 2014, namely :—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Housing and Urban Affairs, Directorate of Printing (Multi-Tasking Staff) Recruitment (Amendment) Rules, 2017.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Ministry of Urban Development, Directorate of Printing (Multi Tasking Staff) Recruitment Rles, 2014 (hereinafter referred to as the said rules), for rule 2, the following rule shall be substituted, namely:—

   "**2. Number of post, classification and level in the pay matrix.**—The number of post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto, shail be as specified in column (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules."

3. In the said rules, in the Schedule, in column (4), for the column heading and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely :

| LEVEL in the PAY MATRIX |
|---|
| (4) |
| LEVEL 1 (Rs. 18000-56900/-) |

[F. No. 22/3/2010-Estt.]

NIDHI GARG, Dy. Director (II)

**Note :** The principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i) vide notification number G.S.R. 182(E) dated 12th March, 2014.

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय**

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 2017

**सा.का.नि. 319.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और जल संसाधन मंत्रालय, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग (समूह 'घ' पद) भर्ती नियम, 2008 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण

मंत्रालय, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग में बहु कार्य कर्मचारीवृंद पद पर भर्ती पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात्,—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, बहु कार्य कर्मचारीवृंद, समूह 'ग' पद भर्ती नियम, 2017 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगें ।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स स्तर** उक्त पदों की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट हैं !

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, और उससे सम्बंधित अन्य बातें वे होंगी, जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट है।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह का संविदा किया है,; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह का संविदा किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहाँ केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिये जो कारण है, उन्हें लेखबद्ध करके तथा इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

## अनुसूची

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| बहु कार्य कर्मचारीवृंद | 16* (2017)<br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है । | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह-'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय । |

| वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन या अचयन पद | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु - सीमा |
|---|---|---|
| (4) | (5) | (6) |
| स्तर - 1<br>(18000 - 56900 रु.) | लागू नहीं होता । | 18 से 27 वर्ष के बीच ।<br><br>**टिप्पण 1 :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय,अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू – कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश,के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा |

| | | |
|---|---|---|
| | | जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है)।<br><br>**टिप्पण 2 :** रोजगार कार्यालय के माध्यम से भर्ती की दशा में, आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है। |

| सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन विभिन्न पद्धति द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समतुल्य उतीर्ण। | लागू नहीं होता | दो वर्ष | सीधी भर्ती |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो इसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| लागू नहीं होता | **समूह 'ग' विभागीय पुष्टिकरण समिति (पुष्टिकरण के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-**<br>1. निदेशक, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग – अध्यक्ष<br>2. अवर सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय – सदस्य<br>3. प्रशासनिक अधिकारी, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग – सदस्य | लागू नहीं होता। |

[फा. सं. ए.12018/44/2017-स्था.-III अनुभाग]

अनिल कुमार वाही, अवर सचिव

## MINISTRY OF WATER RESOURCES, RIVER DEVELOPMENT AND GANGA REJUVENATION

New Delhi, the 26th September, 2017

**G.S.R. 319.**—In exercise of the power conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in suppression of the Ministry of Water Resources, Ganga Flood Control Commission (Group 'D' posts) Recruitment Rules, 2008, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Multi Tasking Staff in Ganga Flood Control Commission, Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation, namely:—

1. **Short title and commencement.**— (1) These rules may be called the Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation, Ganga Flood Control Commission, Multi Tasking Staff, Group 'C' Post Recruitment Rules, 2017.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix.**—The number of said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age limit, qualifications, etc.**—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.**—No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.** —Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Schedule Tribes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| Multi Tasking Staff | 16*<br>(2017)<br>* Subject to variation dependent on workload. | General Central Service,<br>Group 'C', Non-Gazetted, Non – Ministerial. |

| Pay band and grade pay or pay scale | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|
| (4) | (5) | (6) |
| Level-1<br>(Rs. 18000 - 56900) in the pay matrix. | Not applicable | Between 18 and 25 years of age.<br><br>**Note 1:** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of application from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahual and Spiti District and Pangi Sub Division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep.<br><br>**Note 2:** In the case of recruitment made through the Employment Exchange, the crucial date for determining the age limit shall be the last date upto which the Employment Exchange is asked to submit the names. |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| Matriculation or equivalent pass from recognised Board. | Not applicable | Two years |

| Method of recruitment: whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grades from which promotion or deputation or absorption to be made |
|---|---|
| (10) | (11) |
| By direct recruitment | Not applicable |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which the Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for confirmation) consisting of:-**<br>1. Director, Ganga Flood Control Commission - Chairman<br>2. Under Secretary, Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation - Member<br>3. Administrative Officer, Ganga Flood Control Commission - Member | Not applicable. |

[F. No. A.12018/44/2017-E.III Section]

ANIL KUMAR WAHI, Under Secy.

---

## युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

नई दिल्ली, 19 सितम्बर, 2017

**सा.का.नि. 320.**— राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, बहुकार्य कर्मचारीवृंद (समूह 'ग') पद भर्ती नियम, 2012 उन बातों के सिवाए अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय में समूह 'ग' पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.— (1)** इन नियमों का संक्षिप्त नाम युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, बहुकार्य कर्मचारीवृंद (समूह 'ग') पद भर्ती नियम, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण, और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची से स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।